भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 495
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

वायुक्षेत्र उपयोग नीति

495. श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:
श्री मितेश पटेल (बकाभाई):

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वायुक्षेत्र उपयोग की दक्षता में सुधार के लिए हाल ही में लागू किए गए नीतिगत परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) आध्यात्मिक तीर्थयात्रा पर जाने वाले धार्मिक तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा और आवास व्यवस्था को सरल बनाने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मंत्रालय के अधीन लोक सेवा कर्मचारियों के कौशल और दक्षताओं में सुधार के लिए शुरू किए गए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): हवाई क्षेत्र का इष्टतम उपयोग प्राप्त करना एक सतत प्रयास है जिसके लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग की आवश्यकता होती है। इस प्रयास के एक अभिन्न अंग के रूप में हवाई क्षेत्र के लचीले उपयोग की पहल में हवाई यातायात की परिवर्तनशील प्रकृति को स्वीकार किया गया है और लचीले और अनुकूल हवाई क्षेत्र प्रबंधन के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने का प्रयास किया गया है। आज की तारीख तक, इस पहल के एक ठोस परिणाम के रूप में 129 सशर्त मार्ग स्थापित किए गए हैं।

(ख): यात्रियों के आवागमन को आसान बनाने के लिए, सरकार ने चेहरे की पहचान (फेशियल रिकॉग्निशन) प्रौद्योगिकी का उपयोग करके बायोमेट्रिक आधारित यात्रा हेतु डिजी यात्रा शुरू की है। डिजी यात्रा सेवा का मुख्य उद्देश्य प्रवेश द्वार, सुरक्षा जांच बिंदु और बोर्डिंग गेट जैसे कई टच पॉइंट पर टिकट और आईडी के मैनुअल सत्यापन की आवश्यकता को समाप्त करके यात्री अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल फ्रेमवर्क का उपयोग करके मौजूदा बुनियादी ढांचे के माध्यम से बेहतर परिणाम प्राप्त करना है।

(ग): मिशन कर्मयोगी पहल के हिस्से के रूप में, नागर विमानन मंत्रालय ने इमर्सिव ट्रेनिंग प्रोग्राम (आईटीपी) शुरू किया है, जिसका उद्देश्य नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों को

फील्ड अनुभव प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत, अधिकारियों को एयरलाइंस, एयरपोर्ट, कार्गो, ग्राउंड हैंडलिंग, जनरल एविएशन, एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग, मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ), फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (एफटीओ), ड्रोन आदि जैसी निजी संस्थाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है।

******